बेसहारा का सहारा बनकर सामने आए ज्ञानेन्द्र

मासूमों की पढ़ाई से लेकर बेटी की कराएंगे शादी

पीड़ित परिवार बोला आंखों के आंसू पोंछे जिन्दगी भर एहसान मानेंगे

(आमिर खान)

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आज के इस युग में हर कोई अपने जीवन को अच्छा और बेहतर बनाने की जद्दोजहद में लगा हुआ है। लोग हजारों से लाखों, लाखों से करोड़ों करने में जुटे हैं, परन्तु ऐसे में अगर कोई किसी की आर्थिक स्थिति को समझकर उसकी मदद कर दे, तो वह भगवान से कम नहीं होता। टीकमगढ़ जिले में राजनीति से ऊपर उठकर एक नेता ने गरीब का सहारा बनकर मानवीयता दिखाई है।

बेसहारा परिवार का सहारा बनकर सामने आए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह की सराहना जितनी की जाए उतनी कम है। उन्होंने एक गरीब परिवार की सिर्फ मदद ही नहीं कि बल्कि उस परिवार के सदस्यों की आंखों के आंसू पोंछने का काम किया है।

मामला टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुरा के मुड़ीखेरा का है। जहां आज से पांच साल पहले रवि रैकवार नामक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस परिवार की मदद करने का हर किसी ने भरोसा दिलाया, परन्तु कोई भी आगे नहीं आया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह की जैसे ही घोषणा हुई वह ग्रामों के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्हें किसी कार्यकर्ता ने मुड़ीखेरा गांव के स्व. रवि रैकवार के परिजनों की जानकारी दी। उन्होंने पूरी बात को समझा और भावुक हो गए। फिर वह सीधे इस गांव पहुंचे और उन्होंने इस परिवार की मदद करने का बीड़ा उठा लिया। ज्ञानेन्द्र ने बताया कि इस परिवार का पालन-पोषण करने वाले सिर्फ रवि थे, लेकिन उनका आज से पांच साल पहले देहांत हो गया। फिर यह परिवार आर्थिक संकट से जूझने लगा। मुझे जैसे ही जानकारी लगी, तो मैं मृतक के मासूम बच्चों से मिला और उनके घर की हालत को समझा, मुझसे रहा नहीं गया। ऐसे परिवारों को देखकर हर किसी का दिल पसीज जाएगा, मेरे साथ भी कुछ ऐसा हुआ।

मैंने बिना सोचे-समझे यह फैसला लिया है कि मृतक रवि के पुत्र नरेश एवं पुत्री कुमकुम की पूरी पढ़ाई के साथ बेटी की शादी कराऊंगा। उन्होंने कहा है कि हर एक युवा को आगे आकर ऐसे परिवारों की मदद करना चाहिए। ज्ञानेन्द्र ने कहा कि हमारी पार्टी का भी यही उद्देश्य है कि हर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे किया जाए। इसी सोच के साथ मैंने यह कदम उठाया है। मैं इस परिवार का सदस्य बनकर रहूंगा। इस पूरे परिवार को कोई भी परेशानी आएगी तो मैं उनके साथ उस परेशानी में रहूंगा।

...मैं इस परिवार से मिला, तो आंखें नम हो गईं

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ने नवभारत से चर्चा के दौरान कहा कि मैं जब इस परिवार से मिला तो मेरी आंखें नम हो गई कि जब किसी परिवार का कोई ऐसा व्यक्ति जिससे पूरा परिवार संचालित हो वह इस दुनिया से चला जाए तो उस परिवार पर क्या बीतती है। मैं अपने आपको रोक नहीं पाया, अगर आप भी इस परिवार को करीब से देखेंगे तो निश्चित ही आंखें नम हो जाएंगी। मैं सभी युवाओं से और नेताओं से यही कहूंगा कि राजनीति तो हम सबको जीवन भर करना है, पद मिलना और जाना चलता रहना है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि जो भी गरीब और आर्थिक असहाय परिवार है उसके साथ खड़े हों, निश्चित ही आपकी एक छोटी सी मदद एक पूरे परिवार का जीवन सुधार सकती है। मैं इस परिवार की मदद करके कुछ अच्छे करने का प्रयास कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि यह पूरा परिवार भी मुझे अपने घर का सदस्य बनेगा।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शादी कराने का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज
मोहनगढ़।

गरीब परिवार की मजबूरी का फायदा उठाकर कथित दलालों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक नाबालिग बच्ची को अनाथ बताकर उसका विवाह कराने का मामला सामने आया है। पुरा मामला मोहनगढ़ की बंधा चौकी का हैं, पीड़ित आरोप है कि दलालों ने विवाह कराने का झांसा देकर पीड़ित परिवार से लगभग 2 लाख रुपये ऐंठ लिए। मामले का खुलासा उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच के दौरान हुआ, जिसके बाद पूरे घटनाक्रम से जुड़े कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

राजकुमार नायक बम्होरी बराना, बबलू बिदुआ केशवगढ़, संतोष दुबे भैलोनी एवं संतोष चौबे हथेरी हाल निवास कुंवरपुरा रोड टीकमगढ़ पर पीड़ित परिवार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित राजेश शुक्ला ने बताया उक्त लोगो ने हमारे भाई की शादी कराने का झांसा दिया आरोपियों ने बच्ची की उम्र और पारिवारिक स्थिति छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए।

बच्ची को अनाथ बताया गया, इसके आधार पर विवाह की पूरी प्रक्रिया कराई गई और परिवार से विभिन्न मदों में बड़ी रकम वसूल ली गई। पुलिस की माने तो शादी के लिए तैयार की गई लड़की के परिजनों उत्तर प्रदेश की रामगंज चौकी जिला अमेठी में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी रामगंज पुलिस निरंतर नाबालिक लड़की की तलाश कर रही थी यूपी पुलिस ने सूचना मिलने पर नाबालिक को बंधा गाँव से संदेही युवक के साथ दस्तयाब किया, तो कूट रचित शादी की पोल खुल गई जब दस्तावेजों की पड़ताल की तो कई रिकॉर्ड संदिग्ध पाए गए। इसके बाद दस्तावेजों की सत्यता की जांच की गई, जिसमें कथित फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर पूरे मामले का पर्दाफाश होना बताया जा रहा है।

फसलों को लेकर कृषि वैज्ञानिकों ने दी जरूरी सलाह

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। आगामी पाँच दिनों के दौरान मौसम आंशिक रूप से खुला रहने, कुछ स्थानों पर खंड वर्षा होने तथा आसमान में घने बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफफसलों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की सलाह दी है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों की बुवाई नहीं की है, वे कम अवधि में तैयार होने वाली उपयुक्त किस्मों का चयन कर शीघ्र बुवाई करें। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं हवा की औसत गति 21 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है।

किसानों को सलाह दी गई है कि जिन खेतों में फसल की बुवाई हो चुकी है, वहां मेड़ों पर उगने वाले खरपतवारों को नष्ट करें, ताकि हानिकारक कीटों को आश्रय न मिल सके।

जिन किसानों की धान की नर्सरी 20 से 25 दिन की हो गई है, वे निचले क्षेत्रों के मुख्य खेतों में रोपाई करें तथा रोपाई से पहले पौधों को 30 मिनट तक एजोटोबैक्टर के घोल में उपचारित करें। बताया गया कि आगामी पाँच दिनों के दौरान मौसम आंशिक रूप से खुला रहने, कुछ स्थानों पर खंड वर्षा होने तथा आसमान में घने बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसलों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की सलाह दी है।

किसानों को सलाह दी गई है कि जिन खेतों में फसल की बुवाई हो चुकी है, वहां मेड़ों पर उगने वाले खरपतवारों को नष्ट करें, ताकि हानिकारक कीटों को आश्रय न मिल सके। इससे किसानों को फायदा होगा।

पात्र हितग्राही को मिले राशन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

खनिज विभाग ने अवैध परिवहन पर की प्रभावी कार्यवाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़

जिले में खनिज विभाग ने बुधवार को अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने अवैध रेत, मुरम और एम सेंड का परिवहन कर रहे तीन वाहनों को जब्त किया है। इन सभी वाहनों को देहात थाने में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत ने बताया कि झिर की बगिया रोड पर एम सेंड से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। जांच के दौरान यह ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर की पाई गई और चालक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इसे जब्त कर देहात थाने भेजा गया।

इसी क्रम में, सिद्धि विनायक कॉलोनी से अवैध रेत से भरा एक डंपर भी जब्त किया गया। डंपर चालक के पास भी आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। इसके अतिरिक्त, अवैध रूप से मुरम का परिवहन कर रही एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी पकड़ा गया।

खनिज विभाग की टीम इन तीनों मामलों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधक राम अवतार पांडे ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की चरी - निवावरी परियोजना के तहत किसानों से मुलाकात की।

बेरोगार युवाओं के लिए 23 को लगेगा मेला

नवभारत न्यूज
नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन होगा।

बिजली की कटौती से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर में पिछले कई दिनों से लगातार वेसमय हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं।

पोषण योजना के तहत होंगे जमा फार्म

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित किये गये है।

बेरोजगार युवक-युवतियों उद्योग सेवा, विनिर्माण, कृषि, आधारित परियोजनायें एग्रो प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग, केटल फीड़, पोल्ट्री फीड, फिश फीड़, कस्टम हाईरिंग सेंटर, टिश्यू कल्चर, मसाला उद्योग, ग्रामोद्योग हस्तशिल्पकलां से जुड़ी परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकते है।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनान्तर्गत अधिकतम अनुदान राशि दो करोड़ रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। सपूर्ण परियोजना लागत राशि पर अनुदान राशि के रूप में होगी। सूक्ष्म कलस्टर (200 लाभार्थी तक) अधिकतम एक करोड़ रु. तक वृहद कलस्टर (201 से 400 या अधिक) में अधिकतम दो करोड़ रु. तक अनुदान राशि होगी।

मुख्यमंत्री से किया प्रदेश प्रवक्ता ने पत्राचार

नवभारत न्यूज, खरगापुर।

मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखकर टीकमगढ़ जिले के खरगापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जल्द से जल्द शुभारंभ का आग्रह किया है। 15 जुलाईको लिखे इस पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से खरगापुर क्षेत्र की जनता के व्यापक हित में कदम उठाने की अपील की।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 17 जुलाई को खरगापुर आगमन प्रस्तावित था, लेकिन किसी आवश्यक कार्यक्रम के कारण उनका यह दौरा स्थगित हो गया है। चूंकि खरगापुर क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ की प्रतीक्षा कर रही है, इसलिए प्रदेश प्रवक्ता ने एक वैकल्पिक मार्ग सुझाया है।

प्रभावी क्रियान्वयन पर की गई गहन चर्चा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गठित यह विशेष प्रकोष्ठ आगामी एक वर्ष तक जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

थाना प्रभारी ने मॉडल स्कूल में नशे के विरुद्ध चलाया अभियान

नवभारत न्यूज, पलेरा।

युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ के निर्देशानुसार पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के नेतृत्व में शासकीय मॉडल स्कूल, पलेरा में एक व्यापक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना

तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और यदि युवा वर्ग नशे जैसी बुराइयों से दूर रहेगा, तभी समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और सामाजिक जीवन पर अत्यंत गंभीर एवं नकारात्मक प्रभाव डालता है। कई बार नशे की लत व्यक्ति को अपराध की ओर भी धकेल देती है, जिससे उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों के प्रलोभन में न आएं, अपने मित्रों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें ।

वार्षिक वेतन वृद्धि लगाए जाने के निर्देश

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

कार्यालय जिला कोषालय टीकमगढ़ द्वारा जिले के समस्त आहरवण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को सूचित किया गया कि उनके कार्यालय से संबंधित जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की एक जुलाई 2026 में वार्षिक वेतन वृद्धि लगाई जानी है, उनकी समस्त प्रविष्टि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करायें।

जिला कोषालय अधिकारी द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि की संपूर्ण कार्यवाही आगामी 19 जुलाई 2026 तक आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी। 20 जुलाई 2026 से वेतन देयक ऑटो जनरेट होकर यथास्थिति में ाचतवअम हो जायेंगे, जिसके पश्चात वेतनवृद्धि संबंधित कोई भी संशोधन नहीं हो पायेगा। जिले के समस्त आहरवण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को सूचित किया गया कि उनके कार्यालय से संबंधित जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की एक जुलाई 2026 में वार्षिक वेतन वृद्धि लगाई जानी है, उनकी समस्त प्रविष्टि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करायें।

मच्छरों से फैल रहीं घातक बीमारियां

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

12 अगस्त तक निरस्तीकरण की प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।

जायजा **सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद**

सीएम दौरे को लेकर कमिश्नर, आईजी, डीआईजी ने लिया जायजा

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे से पहले टीकमगढ़ में प्रशासन और पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आईजी, डीआईजी और कमिश्नर ने बुधवार को जिले का दौरा कर रेलवे स्टेशन, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तय समय सीमा में पूरी हों और किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। इस दौरान आईजी मिथलेश शुक्ला, डीआईजी विजय कुमार शत्री, कमिश्नर अनिल सुचारी, टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह , एसडीएम, एसडीओपी राहुल कटरे, तहसीलदार सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासन का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री का दौरा पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे से पहले टीकमगढ़ में बुधवार को प्रशासन और पुलिस पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आईजी, डीआईजी और कमिश्नर ने बुधवार को जिले का दौरा कर रेलवे स्टेशन, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। दरअसल कल यानि 17 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीकमगढ़ आएंगे और अनेक सौगाते जिले को प्रदान करेंगे।

तैयारियों को दिया अंतिम रूप

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आईजी, डीआईजी और कमिश्नर ने बुधवार को जिले का दौरा कर रेलवे स्टेशन, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। दरअसल कल यानि 17 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीकमगढ़ आएंगे।